No. of Printed Pages : **6**

# 9006

Register Number | | | | | | | |

# Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीली** या **काली** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink pen to write and underline.

**भाग - I / PART - I**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए : **14x1=14**
Choose the **correct** answer :

**1.** तुलसीदास गणपति से __________ वर माँगते हैं।
(अ) नारायण दर्शन का (आ) शन्मुख दर्शन का
(इ) राम दर्शन का (ई) शिव दर्शन का

**2.** उच्च पद पाकर मनुष्य का __________ होता है।
(अ) विकास (आ) उत्थान (इ) अंत (ई) पतन

**3.** कवयित्री वीणा है और उसकी __________ है।
(अ) तार (आ) स्वर (इ) लय (ई) रागिनी

**4.** __________ के प्रसार की कोई सीमा नहीं है।
(अ) वाणी (आ) पवन (इ) आवाज़ (ई) स्वर

**5.** मूल अधिकार __________ की पवित्र निधि है।
(अ) देश (आ) जनता (इ) राज्य (ई) बड़ों

**6.** मनुष्य की आवश्यकता की पूर्ति के लिए __________ कलाएँ अस्तित्व में आती हैं।
(अ) उपयोगी (आ) ललित (इ) संगीत (ई) वास्तु

[ Turn over

7. वृषभानुजा का अर्थ है __________।
(अ) बैल का बछड़ा (आ) शैलपुत्री (इ) बैल का बेटा (ई) बैल की बहन

8. बुद्धगुप्त __________ था।
(अ) नौका का स्वामी (आ) पोताध्यक्ष (इ) जलदस्यु (ई) नाविक

9. हामिद अपनी दादी के लिए __________ लाया।
(अ) साड़ी (आ) चिमटा (इ) बरतन (ई) घड़ा

10. 'भाई-बहन' कहानी की लेखिका __________ हैं।
(अ) श्रीमती सत्यवती मल्लिक (आ) श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान
(इ) श्रीमती निर्मला (ई) श्रीमती महादेवी वर्मा

11. श्री वृन्दावनलाल वर्मा की लोकप्रिय रचना __________ है।
(अ) उदिता (आ) झाँसी रानी (इ) हिमालय (ई) अमिट रेखाएँ

12. मानव के मन में सदैव विद्यमान रहनेवाले भाव __________ हैं।
(अ) विभाव (आ) संचारी भाव (इ) स्थायी भाव (ई) आलंबन विभाव

13. राम __________ चार बहनें हैं।
(अ) की (आ) को (इ) का (ई) के

14. शब्द __________ प्रकार के होते हैं।
(अ) छ: (आ) दो (इ) आठ (ई) दस

## भाग - II / PART - II

### विभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x2=6**
Answer **any three** of the following :

15. 'श्री कृष्ण की छटा' किस काव्य से लिया गया है?

16. किस पर ममता न होनी चाहिए?

17. कवि शमशेर बहादुर सिंह अपने को क्या मानते हैं?

18. शरीर में कंप किन-किन कारणों से होता है?

## विभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x2=4**
Answer **any two** of the following :

**19.** भारत का सच्चा नागरिक कौन है ?

**20.** मकान बनाने के काम में कौन–कौन लगे ?

**21.** वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
(अ) एकत्र करना
(आ) नियुक्त होना

## विभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7x2=14**
Answer **any seven** of the following :

**22.** कमल कैसे घर लौटा ?

**23.** बुद्धगुप्त ने युद्ध में किसको हराया ?

**24.** रज्जब के साथ कौन थी और उसके पास कितनी रक़म थी ?

**25.** विसर्ग संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए।

**26.** रेखांकित शब्दों का पद परिचय कीजिए।
वे देर से आये ।

**27.** संधि विच्छेद कीजिए।
(अ) सदैव
(आ) उल्लेख

**28.** सूचना के अनुसार बदलिए।
आप पाठ पढ़ते हैं। [अपूर्ण भूतकाल में लिखिए]

शुद्ध कीजिए।

**29.** मुझे तीन भाई है।

**30.** किताब अलमारी का नीचे पड़ी है।

[ Turn over

## भाग - III / PART - III

### विभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x4=8**
Answer **any two** of the following :

**31.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

सब मतवाले कहें भले ही
मैं जड़ जीव निराला हूँ
मैं मेरे पिंजरे का कैदी
असहाय मतवाला हूँ।

**32.** कला के भेदों को सविस्तार समझाइए।

**33.** सावित्री निर्मला को कैसे समझाती थी ?

**34.** पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(अ) Correspondence
(आ) Account
(इ) Permission
(ई) Official Language

### विभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x4=8**
Answer **any two** of the following :

**35.** वीर रस की परिभाषा देकर उदाहरण सहित समझाइए।

**36.** आकाशदीप कहानी का उद्देश्य क्या है ?

**37.** संधि कीजिए।

(अ) रमा + ईश (आ) भगवत् + भक्ति
(इ) मनः + हर (ई) परि + छेद

**38.** निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए।

विनायक पन्द्रह साल का लड़का था। वह अनाथ था। वह अनाथालय में रहता था। वह रोज सुबह बगीचे के पौधों को पानी सींचता था। फिर पाठ पढ़ता था। दस मील पैदल चलकर पाठशाला जाता था। वह नम्र और होशियार छात्र था। सभी अध्यापक उसे बहुत चाहते थे। वह मिलनसार था। दूसरे लड़के भी उसे बहुत चाहते थे।

## विभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x4=12**

Answer **any three** of the following :

**39.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

लेकिन घर जाकर ज़रा यह पता लगाइएगा कि आपके लाड़ले बेटे के रीढ़ की हड्डी भी है या नहीं यानी बैकबोन, बैकबोन।

**40.** तुलसीदास भगवान गणपति का वर्णन कैसे करते हैं ?

**41.** **सही** मिलान कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| (अ) अंधेर नगरी | – | बाबू श्यामसुन्दरदास |
| (आ) नीहार | – | प्रेमचन्द |
| (इ) नागरी प्रचारिणी सभा | – | महादेवी वर्मा |
| (ई) सेवासदन | – | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |

**42.** हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Men are lazy. They do not labour to think of new solutions, so long as they have the old ones. That is why modern man is unable to give up his hope solving all the worldly problems of today only through materialistic methods. He has been trying with concentration for the economic prosperity.

**43.** ई–मेल का एक उदाहरण दीजिए।

## भाग - IV / PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए : **3x6=18**

Answer the following in detail :

**44.** (अ) 'परिचय' – कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) कवि श्री माखनलाल चतुर्वेदी के विचारों में सत्याग्रही का बयान लिखिए।

**45.** (अ) मूल अधिकार किसे कहते हैं और कोई तीन अधिकारों की विशेषता स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

(आ) टालस्टाय फार्म में रहने आए कुटुम्बों को उद्यमी रखने की व्यवस्था कैसी थी ?

**46.** (अ) 'आकाश दीप' – कहानी का सार लिखिए।

**अथवा**

(आ) 'आपके मनपसंद नेता' विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

## भाग - V / PART - V

कंठस्थ भाग : (**अनिवार्य** प्रश्न) **1x6=6**

Quote from memory : (**Compulsory**)

**47.** ''बीन भी हूँ ................................ प्रवाहिनी भी हूँ।

- o 0 o -